



# पतोली में अवैध कॉलोनी : सांप्रदायिक आधार पर बेचे जा रहे प्लाट

## ग्रामीणों ने विधायक अरूण भीमावद और प्रशासनिक अधिकारियों से की शिकायत

**शाजापुर, 6 अक्टूबर. शाजापुर में अभी तक अवैध कॉलोनी तो कटती देखी थी लेकिन यह पहला मामला होगा जब भूखंड बेचने का आधार वर्ग विशेष को रखा गया है. या यूं कहें कि सांप्रदायिक आधार पर प्लाट का विक्रय किया जा रहा है. इसको लेकर ग्राम पतोली के सैकडों लोगों ने शाजापुर विधायक से इसकी शिकायत की, जिस पर विधायक ने तत्काल प्रशासन को अवैध कॉलोनी के मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए. मौके पर पहुंचकर पटवारी ने पंचनामा भी बनाया.**



गौरतलब है कि शाजापुर से सटे हुए गांव पतोली में भू स्वामी असरार खान पिता सादिक खान, रफीक खान पिता अजीज खान, हाफिज मोहम्मद अबरार पिता सादिक खान ग्राम पतोली में भू सर्वे क्रमांक 757/ 1/1 रकबा



0.3540, 757/1/2 रकबा 0.4000 हेक्टेयर रकबा 757/2/1 रकबा 0. 8000 हेक्टेयर, 757/2/2 रकबा 0.1460 हेक्टेयर पर छोटे छोटे भूखंड बनाकर अवैध कॉलोनी बनाई जा रही है, प्लाटो का विक्रय किया जा रहा है. जिसमें टीएनसी की अनुमति प्राप्त केवल सर्वे क्रमांक 757/1/2 रकबा 4000 हेक्टेयर 757/2/1 रकबा 0.8000 हेक्टेयर की केवल अनुमति प्राप्त की है. कॉलोनी की ना विकास अनुमति प्राप्त की गई है और ना ही ग्राम पंचायत की अनुमति है. कॉलोनी की वैद्य अनुज्ञा नहीं है. ना ही विद्युत मंडल, पीएचई और बिजली पानी सड़क. ड्रेनेज लाइन की सुविधा उपलब्ध है और नाही कॉलोनाईजर का लायसेंस और ना ही रेरा सर्टीफिकेट उपलब्ध है. यह पंचनामा गांव के पटवारी द्वारा बनाकर तहसील कार्यालय को दिया गया है.

### वर्ग विशेष के लोगों को दिए जा रहे भूखंड

शाजापुर का यह पहला मामला होगा जब कॉलोनी में भूखंड का विक्रय धर्म के आधार पर किया जा रहा है . वर्ग विशेष को ही इस अवैध कॉलोनी में भूखंड विक्रय किए जा रहे हैं . इस संबंध में ग्राम पतोली के सैंकड़ों ग्रामीणों ने शाजापुर विधायक अरूण भीमावद से मिलकर इसकी शिकायत की . जिस पर विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध कॉलोनी पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं . वहीं दूसरी और हिंदू जागरण मंच की तरफ से अनुप किरकिरे ने बताया कि वर्ग विशेष के लोगों को पतोली में अवैध कॉलोनी में भूखंड का विक्रय किया जा रहा है जो पूरी तरह अस्वीकार्य है. क्योंकि शाजापुर में पहली बार यह मामला प्रकाश में आया है कि किसी कॉलोनी में भूखंड का विक्रय धर्म व संप्रदाय के आधार पर किया जा रहा है . इस अवैध कॉलोनी पर तत्काल रोक लगाई जाएगी और साथ ही जिन लोगों को भूखंड विक्रय किए गए हैं उनके नामांतरण भी आपत्ति ली जाएगी .

### अब कॉलोनी में भी हिन्दू- मुसलमान...

ग्राम पतोली में वर्ग विशेष को भूखंड देने के इस अनोखे मामले में अब शाजापुर में भी भूखंड विक्रय को लेकर हिंदू मुसलमान देखने को मिल रहा है . अभी तक शहर में कई अवैध कॉलोनियां काटी गई है लेकिन कभी भी भूखंड बेचने के मामले में हिंदू मुसलमान का मामला देखने को नहीं मिलता था लेकिन ग्राम पतोली में यह मामला अपने आप में चर्चा का विषय है . यदि ऐसा होता है तो आने वाले समय में हिंदू कॉलोनियों में वर्ग विशेष को प्लाट नहीं दिए जाएंगे और वर्ग विशेष की कॉलोनियों में हिंदूओं को प्लाट नहीं मिलेंगे, लेकिन इसकी शुरूआत ग्राम पतोली में की गई है जो चर्चा का विषय है .

### इनका कहना है

*ग्राम पतोली के ग्रामीणों ने पतोली में अवैध कॉलोनी की शिकायत की थी, जिसके संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया है. धर्म या संप्रदाय के आधार पर भूखंड का विक्रय करना अनुचित है.*

***-अरूण भीमावद, विधायक, शाजापुर***

*पतोली में अवैध कॉलोनी को लेकर शिकायत मिली है. पटवारी द्वारा मौके पर पंचनामा बनाकर रिर्पोट प्रस्तुत की गई है. आगे की कार्रवाई की जा रही है. शहर में अवैध कॉलोनियों को लेकर जल्द ही अभियान प्रारंभ किया जाएगा.*

***-मनीषा वास्कले, एसडीएम, राजस्व विभाग, शाजापुर***

*ग्राम पतोली के लोगों द्वारा अवगत कराया गया था कि एक अवैध कॉलोनी में वर्ग विशेष को ही प्लाट का विक्रय किया जा रहा है. जिसका विरोध हिंदू जागरण मंच द्वारा किया जा रहा है.*

***-अनुप किरकिरे, मालवा प्रांत पदाधिकारी हिंदू जागरण मंच***

## एक नजर में

### डूब रही बकरी को बचाने में तालाब में कूदे तीन नाबालिग, एक की मौत

**शाजापुर, 6 अक्टूबर .** जिले के ग्राम रामपुरा मेवासा में सोमवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया . तीन नाबालिग डूब रही बकरी को बचाने तालाब में कूदे तो वह खुद ही डूबने लगे . आवाज सुनकर ग्रामीणों ने तत्काल कूदकर दो बच्चों को तो बचा लिया लेकिन लेकिन तीसरा बालक गहराई में चला गया, जिसकी मौत हो गई. मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा जाएगा . जानकारी के अनुसार घटना सोमवार दोपहर की है . जब रामपुरा मेवासा के रहने वाले अजय, आकाश और नीतेश नामक तीनों नाबालिग अपनी बकरियां चराने जंगल की ओर गए थे . इसी दौरान एक बकरी तालाब में पानी पीने गई और अचानक गहरे पानी में गिर गई . बकरी को बचाने के लिए तीनों बच्चों ने तालाब में छलांग लगा दी . तालाब गहरा होने के कारण तीनों डूबने लगे और बचाने के लिए आवाज लगाने लगे, जिसे सुन पास में घास काट रहे मजदूरों ने दौड़ लगाई और तालाब में कूदकर पानी में डूब रहे आकाश और नीतेश को बाहर निकाल लिया . इस दौरान उन्होंने बकरी को भी बाहर निकाल लिया . लेकिन अजय का काफी देर तक ढूंढने पर भी कुछ पता नहीं चला . हालांकि करीब आधे घंटे बाद अजय पिता जितेंद्र नायक भी मिल गया जो गहरे पानी में फंस गया था, जिसे बाहर निकालते ही मजदूर उसे जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखा गया है . अस्पताल पुलिस चौकी के एसआई बाबूलाल डाबी ने बताया कि कानूनी कार्रवाई करने के बाद डॉक्टरों की टीम की ओर से पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौपा जाएगा .

### खुले पानी के टैंक में गिरी गाय, गौ रक्षकों ने बचाए प्राण



**शाजापुर, 6 अक्टूबर .** नगर के ज्योतिनगर स्थित मस्जिद चौराहे के पास सोमवार एक खुले टैंक में एक गाय भोजन की तलाश में भटकते हुए पहुंच गई जहां वह पैर फिसलने से उसमें गिर गई . इसकी सूचना लोगों ने गौरक्षकों को दी, जिन्होंने बिना देर किए मौके पर पहुंचकर गाय को बाहर निकाला . साथ ही प्लॉट मालिक को भी समझाईश दी कि वह इन टैंको को ढंककर रखे . जैसे ही घटना की सूचना गौरक्षा सेना को मिली वे मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद गाय को बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई . गौ रक्षा सेना के नगर प्रचार प्रमुख अंकित शर्मा, नगर सचिव चिंटू परमार, नगर मीडिया प्रभारी यश चौहान और धर्मेंद्र शर्मा ने अपने पास उपलब्ध संसाधनों से गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया . कुछ देर उसका उपचार किया और छोड़ दिया .

**प्लॉट मालिक ने खुले छोड़े पानी के टैंक**

जिस खाली प्लॉट में गाय गिरी थी वहां पानी के तीन अन्य खुले टैंक भी मौजूद थे . समिति के सदस्यों ने टैंक मालिकों को फोन पर सूचित कर उन्हें टैंकों को बंद करने का आग्रह किया, ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो . इधर वहां के रहवासियों ने इस घटना की जानकारी लालघाटी थाना और डायल 112 को भी दी थी . डायल 112 के मौके पर पहुंचने से पहले ही समिति द्वारा गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया .

### मध्य रात्रि में हुआ अमृत रूपी खीर का वितरण

**शुजालपुर, 6 अक्टूबर .** शरद पूर्णिमा का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया. इस पर्व के चलते देवालयों में मध्य रात्रि तक धार्मिक आयोजन हुए तथा अमृत रूपी दुध व खीर का वितरण किया गया . इस वर्ष दो दिनों तक शरण पूर्णिमा मनाई जा रही है . उल्लेखनीय है कि इस दिन आसमान से अमृत वर्षा होती है ऐसी मान्यता है, इसी के चलते शरद ऋतु की इस पूर्णिमा पर दुध खीर वितरण के अलावा धार्मिक आयोजन भी होते है . नगर स्थित दुर्गा दरबार, श्रीराम मंदिर, कामेश्वरी मंदिर, श्रीनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर रायकनपुरा व अन्य देवालयों में शाम से देर रात तक कार्यक्रम आयोजित हुए . इसी प्रकार अन्य देवालयों में भी महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दी . सिटी स्थित भीमपुरा अखाडा में भी प्रसादी वितरण कार्यक्रम हुआ . यहां पर महाआरती का आयोजन भी हनुमान जनकल्याण समिति ने आयोजित किया . सिटी स्थित जयहिंद टॉकिज के पीछे मां अम्बे के दरबार में पांच दिवसीय गरबा उत्सव आयोजित किया गया . इस आयोजन की परम्परा विगत 73 वर्षो से चली आ रही है . पांच दिनों तक अखंड ज्योत प्रज्जवलित होती है . पांच दिवसीय कार्यक्रम के चलते भजन संध्या, कन्या भोज व गरबा उत्सव हुआ . मां अम्बे के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे . मंडी स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान को नौका विहार कराते हुए भजनों की प्रस्तुति दी गई, इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे .



# जिले के किसानों के लिए खाद प्राप्त करने की टोकन व्यवस्था

## सीएम हेल्पलाइन कॉल सेंटर से मिलेगा टोकन नंबर

**शाजापुर, 6 अक्टूबर. रबी फसल के लिए जिले में किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था को आसान करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा जिले में स्थापित सीएम हेल्पलाइन कॉल सेंटर के माध्यम से खाद प्रदाय टोकन की व्यवस्था की गई है. इस सुविधा का लाभ लेकर जिले के किसानों द्वारा आसानी से खाद प्राप्त किया जा सकता है.**

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बताया कि इस व्यवस्था अंतर्गत रबी फसल सीजन में खाद प्राप्त करने के लिए किसानों को टोल फ्री नंबर 07364-181 पर कॉल करके अपना नाम, समग्र आईडी, भूमि की पावती क्रमांक, रकबा, मोबाइल नंबर, तहसील का नाम, ग्राम का नाम, समीपस्थ खाद वितरण केन्द्र का नाम आदि जानकारी देना होगी. उपलब्ध खाद के स्टॉक अनुसार किसानों को उनके द्वारा दर्ज कराए गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से टोकन नंबर प्रदाय किया जाएगा.

### इन केंद्रों पर रहेगी व्यवस्था...

उक्त व्यवस्था जिले के खाद प्रदाय केन्द्र विपणन संघ भंडारण केन्द्र शाजापुर, विपणन संघ भंडारण केन्द्र शुजालपुर, विपणन संघ भंडारण केन्द्र मोमन बड़ोदिया, विपणन संघ भंडारण केन्द्र कृषि उपज मंडी कालापीपल एवं विपणन संघ भंडारण केन्द्र पानखेड़ी के लिए की गई है . इन केन्द्रों पर खाद लेने लिए टोकन नंबर, केन्द्र का नाम, दिनांक एवं समय की जानकारी देनी होगी . किसान एसएमएस में प्रदाय की गई जानकारी अनुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर उक्त खाद प्रदाय केन्द्र पर पहुंच कर अपना खाद प्राप्त कर सकेंगे .

# ना अंग्रेजी सिखाई, न पैसे वापस किए, थाने तक पहुंचा मामला

**शाजापुर, 6 अक्टूबर. शासकीय महाविद्यालय की छात्राएं सोमवार को लालघाटी थाने पहुंची, जहां उन्होंने एक निजी कंपनी पर कॉलेज में अंग्रेजी सिखाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है. छात्राओं ने बताया कि उनसे 11 हजार रूपये भी ले लिए और वादा किया कि 7 हजार रूपये मासिक की आप लोगों को आय होगी, लेकिन न तो पैसा वापस दिया जा रहा है और न ही काम दिया जा रहा है.**

सोमवार को पीड़ित छात्राओं ने लालघाटी थाने में शिकायत दर्ज कराई. छात्राओं ने बताया कि शहर के इंदिरा नगर स्थित एमवाईएल नामक एक कंपनी ने उन्हें इंग्लिश सिखाने और नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर ठगा. 10 से अधिक छात्राओं ने इस कंपनी में 11 हजार रुपए जमा किए थे. उन्हें हर महीने 7 हजार रुपए से अधिक मासिक आय का वादा किया गया था, लेकिन तीन से चार महीने बाद भी उन्हें कुछ नहीं मिला. छात्राओं को पैसे जमा करने के बाद अन्य सदस्यों को जोड़ने के लिए कहा गया था. जब उन्हें न तो इंग्लिश सिखाई गई और न ही वादे के अनुसार आय मिली तो उन्होंने परेशान होकर पुलिस का दरवाजा खटखटाया. एबीवीपी की टीम ने छात्राओं के साथ ठगी होने की शिकायत की है, जिसके बाद पुलिस में आवेदन दिया गया.

### लोगों को जोड़ो, एक हजार रूपये मिलेंगे...

थाने पहुंची पीड़िता यशिका भावसार ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि उनकी सहेली ने उन्हें इंग्लिश कोचिंग के बारे में बताया था . कंपनी ने उनसे 11 हजार रुपए लिए, लेकिन कोई इंग्लिश नहीं सिखाई . पैसे लेने के बाद उन्हें और लोगों को जोड़ने के लिए कहा गया . यशिका के अनुसार उन्हें मासिक आय का वादा भी किया गया था, लेकिन आज तक कुछ नहीं मिला और उनके 11 हजार रुपए भी वापस नहीं किए जा रहे हैं . इस मामले में कंपनी से जुड़ी निकिता पाटीदार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनकी कंपनी सरकार से पंजीकृत है और वे स्किल एजुकेशन पर काम करते हैं . उन्होंने बताया कि 11 हजार रुपए एजुकेशन हेल्थ के लिए होते हैं और एक व्यक्ति को जोड़ने पर 1000 रुपए मिलते हैं . निकिता ने कंपनी में किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी से इनकार किया .

# 54 लाख में नीलाम हुई श्री राम मंदिर की दुकानें

## 7 लोगों को मिला रोजगार, मंदिर समिति के कोष में जमा होगी नीलामी की राशि

**शाजापुर, 6 अक्टूबर. नीमवाड़ी स्थित शासकीय श्री राम मंदिर का निर्माण विधायक निधि से किया जा रहा है. मंदिर के पास ही सात दुकानों का निर्माण भी किया गया है, जिनकी सोमवार सुबह नीलामी की गई जो 54 लाख से अधिक की राशि में नीलाम हुई है. जिन लोगों ने दुकाने ली है उन्हें 29 वर्षों के लिए पट्टा दिया जाएगा. मंदिर समिति ने सफल बोलीदारों के सामने मंदिर समिति के नियम व शर्तों का पालन करने को भी कहा है.**



नीलामी प्रक्रिया में जुटे अधिकारी, पटवारी व कर्मचारी

दरअसल नीमवाड़ी स्थित श्री राम मंदिर काफी प्राचीन हैए जिसके जिर्णोद्धार की नगरवासियों द्वारा मांग की गई थी. इस मंदिर के निर्माण के लिए विधायक अरूण भीमावद ने भी विधायक निधि से पहले 78 लाख और फिर 22 लाख रूपये की स्वीकृत किए थे और यह राशि मंदिर समिति को मिल चुकी थी. जिसके बाद से यहां मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है. मंदिर के पास ही सात दुकानों का निर्माण भी किया गया है, जिसकी सोमवार को एसडीएम शाजापुर एवं अध्यक्ष मंदिर प्रबंध समिति श्री राम मंदिर के निर्देशानुसार कार्यपालिका दंडाधिकारी नाहिद अंजूम द्वारा मौके पर इच्छुक बोलीदारों से निर्धारित बोली शुल्क जमा करवा कर नीलामी की गई. इसके लिए शासन द्वारा 7 लाख 40 हजार रूपये की राशि निर्धारित की थी, इससे बढ़कर बोलीदारों को बोली लगाना थी. सोमवार को नीलामी शुरू हुई और एक-एक करके सातों दुकानों की नीलामी की गई. जिसके बाद जिन सफल बोलीदारों ने दुकाने ली है उन्हें 25 प्रतिशत राशि बोली समाप्ति के बाद ही जमा करना है और शेष राशि 15 दिनों के अंदर जमा करनी होगी. इसके बाद इन दुकानदारों को 4 हजार रूपये प्रतिमाह जमा करना होगी. वहीं हर वर्ष 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किराए में की जाएगी. सोमवार को सातों दुकाने 54 लाख 42 हजार रूपये में नीलाम की गई, जिसकी राशि मंदिर समिति के कोष में जमा की जाएगी. इसके बाद जो सफल बोलीदार है जिन्होंने दुकाने ली हैं उन्हें 29 वर्षों के लिए अस्थायी पट्टा भी प्रदान किया जाएगा. मंदिर समिति ने तय किया है कि जो लोग दुकाने लेंगे उन्हें मंदिर समिति की शर्तों और नियमों का पालन करना होगा, न ही दुकानदार किसी को यह दुकान किराये पर दे सकेगा और न ही इसे बंधक रख सकेगा. यदि किसी ने ऐसा किया तो उसका पट्टा निरस्त माना जाएगा. इस अवसर पर पटवारी ललित कुंभकार, पटवारी भारती कोटे, विनोद चौहान, अनिता राठौर सहित बोलीदार उपस्थित थे.

### पोषण माह तहत दिलाई शपथ

**शुजालपुर, 6 अक्टूबर.** शहर के फ्रीगंज स्थित वार्ड क्रमांक 24 में मां गायत्री नवदुर्गा समिति के सहयोग से महिला बाल विकास ने पोषण माह अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार ने घर में पकाए घर में खाएं की शपथ दिलवाई. साथ ही उपस्थितजनों को घर में बने भोजन के लाभ एवं बाहर के खाने के से होने वाले नुकसान बताए गए. कार्यक्रम में मधु मंडलोई, ग्रीष्म शाह, प्रभारी परियोजना अधिकारी ममता परमार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाहा, सहायिका बसंती ठाकुर सहित महिलाएं व बच्चें उपस्थित थे.

### बच्चों एवं बुजुर्गो को नि :शुल्क पोशाक वितरित की गई

**शाजापुर, 6 अक्टूबर.** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर में चल रहे महिलाओं की सिलाई के प्रशिक्षण में तैयार की गई पौशाको को परिसर के आसपास रहने वाले गरीब बच्चों एवं वृद्धाश्रम शाजापुर रहने वाले बुजुर्गो को निःशुल्क वितरित की गई.

# खाद कांड के मामले में हुई कार्रवाई

**बड़ौद, 6 अक्टूबर. कुछ दिन पूर्व प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़ौद के प्रभारी शाखा प्रबंधक शंभू लबाना द्वारा शहर से दूर बाईपास पर अवैध रूप से खाद वितरण किए जाने का मामला सामने आया था.**

शिकायत मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और अवैध वितरण करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली सहित खाद जब्त कर थाना बड़ौद में खड़ा करवाया गया था. प्राथमिक जांच में दोषी पाए जाने पर शंभू लबाना को सस्पेंड कर दिया गया है. मामले की जांच फिलहाल जारी है. संस्था के कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए नारायण सिंह वर्मा, प्रभारी पर्यवेक्षक शाखा बड़ौद को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष, अनुशासन की मिसाल बना मक्सी नगर

**मक्सी, 6 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर मक्सी नगर में एक भव्य एवं अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया गया. जिसने नगर को देशभक्ति, संगठन और संस्कृति की भावना से ओतप्रोत कर दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोतीलाल भदौरिया ने की. जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत धर्म जागरण प्रमुख विक्रम सिंह रघुवंशी भोपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे.**



पथ संचलन का शुभारंभ सिंधी गार्डन से हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ ग्राम गड़रोली में सम्पन्न हुआ. संचलन मार्ग में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया. घोष की मधुर ध्वनि और लठधारी स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियों ने नगर को अद्भुत दृश्य से सराबोर कर दिया. हजारों की संख्या में पूर्ण गणवेश में सुसज्जित स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए नगर भ्रमण किया.

मुख्य वक्ता विक्रम सिंह रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा, पूज्य डॉ. हेडगेवार ने एक बीज रूप में संघ की स्थापना की थी जो आज एक वटवृक्ष बनकर समाज और राष्ट्र को दिशा दे रहा है. उन्होंने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि जातिवाद नहीं, हिंदुत्व ही हमारी पहचान है.

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मक्सी पुलिस थाना प्रभारी संजय वर्मा, कार्यपालिक दंडाधिकारी जितेंद्र चौरसिया एवं पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही. सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही, जिससे आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ.

## एक नजर में

### अब पीला मोजेक रोग से हुए नुकसान का मुआवजा मिलने में आएगी समस्या

# फसल नुकसान सर्वे के आदेश वाले दिन ही कम नुकसान की रिपोर्ट भेज दी

**सुसनेर, 6 अक्टूबर. जिस तारीख में जिला प्रशासन ने पूरे आगर जिले के किसानों को अतिवृष्टि कीट व्याधि से फसलों के नुकसान का सर्वे आदेश जारी किया. इस तारीख को इस नुकसान की निरंक सर्वे रिपोर्ट बनाकर राहत आयुक्त भोपाल को भेजने का कारनामा आगर जिला प्रशासन ने कर दिखाया है, प्रशासन के ऐसा करने की वजह से पूरे जिले के किसान सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक से हुए नुकसान का मुआवजा पाने से वंचित रह गए हैं.**

समूचा आगर जिले में सोयाबीन की फसल पीला मोजेक रोग से ग्रस्त होने तथा बारिश की अधिकता के कारण सोयाबीन की फसल नष्ट हो गई थी उसके बाद किसानों ने फसल के नुकसान की मांग की. जिला प्रशासन ने 25 सितंबर को आदेश क्रमांक 942 जारी करके आगर जिले के सभी तहसीलदारों को सोयाबीन में हुए नुकसान का सर्वे करने के आदेश दिए थे किंतु 25 सितंबर को ही जिला प्रशासन ने पत्र क्रमांक 942 के जरिए ही राहत आयुक्त भोपाल को जिले की पांचो तहसीलों में किसानों के नुकसान का प्रतिशत 15 से 22 तक बताते हुए राहत राशि की मांग संबंधी कालम में निरंक लिखकर राहत आयुक्त भोपाल को को भेज दिया. जिस कारण से पूरे जिले के किसान शासन से राहत राशि पाने से वंचित रह गए. अब यह कैसे हो सकता हैं कि जिस तारीख में सर्वे करने का आदेश जारी हो उसी तारीख में जिले की आगर बडौद सुसनेर सोयत और नलखेड़ा तहसीलों के 512 ग्रामों की 1लाख 32 हजार 381 हेक्टेयर जमीन का सर्वे भी हो जाए और उस की जांच रिपोर्ट भी सरकार के पास पहुंच जाए इस बात को आगर जिले के अधिकारियों द्वारा जारी दोनों पत्रों से समझा जा सकता है.